तापमान
अधिकतम 36.5 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 6 अक्टूबर, 2025

10 लॉन टेनिस में पुलिस डीएवी स्कूल का कब्जा



10 साधकों ने भक्ति रस में डूबकर किया योग



प्रदेश में युवाओं को मिलेगी नई उड़ान

# हर गांव में गठित होंगे युवक-युवती मंडल, सरकार देगी हर महीने आर्थिक मदद

रहमदीन ▶▶| बराड़ा

प्रदेश सरकार ने युवाओं को संगठित कर ग्रामीण विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए एक ऐतिहासिक और महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। सरकार ने राज्य के सभी 7356 गांवों में युवा मंडलों का एक संगठित नेटवर्क बनाए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत 31 दिसंबर 2025 तक प्रत्येक जिले में 250 क्लबों का गठन करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें प्रदेशभर में लगभग 5,500 नए यूथ क्लब अस्तित्व में आएंगे। इस संबंध में कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय की ओर से एक पत्र जारी कर सभी जिला युवा समन्वयक अधिकारियों और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के प्रधानाचार्यों को तत्काल प्रभाव से इस पर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

### 5500 यूथ क्लब बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित

यह पहल युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग के तत्वावधान में शुरू की गई है। इसका उद्देश्य युवाओं को सामाजिक, सांस्कृतिक और विकासात्मक गतिविधियों से जोड़कर उनमें नेतृत्व क्षमता और सेवा भाव का विकास करना है। इन युवा मंडलों के माध्यम से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ एक मजबूत जन-आंदोलन खड़ा करने की बात कही गई है। इसके लिए ब्लॉक स्तर पर आईटीआई के प्रधानाचार्यों को नोडल अधिकारी बनाया गया है जो युवा कार्यक्रमों के सफल संचालन और निगरानी के लिए जिम्मेदार होंगे। ये युवक या युवती मंडल केवल नाम के लिए नहीं होंगे बल्कि ये गांवों में सकारात्मक बदलाव के वाहक बनेंगे। इन मंडलों का कार्य समाज में नशा मुक्ति, कन्या भ्रूण हत्या और अंधविश्वास जैसी कुरीतियों के खिलाफ नुक्कड़ नाटकों, सेमिनारों और अभियानों का आयोजन करना, पौधारोपण कार्यक्रम चलाना और स्वच्छता अभियानों का नेतृत्व करना, रक्तदान शिविरों का आयोजन कर जीवन बचाने में मदद करना, ग्रामीण महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रम और कार्यशालाएं आयोजित करना, राष्ट्रीय पर्वों और महापुरुषों की जयंतियों पर कार्यक्रमों का आयोजन कर युवाओं में देशभक्ति का संचार करना व अन्य जागरूकता सेमिनार करना होगा।

### 29 साल तक के युवा बनेंगे सदस्य

इन युवा व युवती मंडलों में सदस्य बनने के लिए सदस्य की आयु 1 अप्रैल, 2025 को 15 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिए। प्रत्येक क्लब में कम से कम 10 या अधिकतम 20 सदस्य हो सकते है। सभी सदस्यों का माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण किया जाना जरूरी है। क्लब में कम से कम 20 प्रतिशत सदस्य अनुसूचित जाति या पिछड़ा वर्ग से होंगे। इनके गठन के समय गांव के सरपंच और पंच की उपस्थिति अनिवार्य होगी। राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार पाने वाले युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। जिन गांवों में 1500 वोट है उनमें 10 से 20 सदस्य युवा मंडल में लिए जा सकते हैं। दो हजार वोट वाले गांव में 15 से 20 सदस्यों का चयन किया जा सकता है। इसी प्रकार दो हजार से अधिक वोट वाले गांव में बनने वाले युवा मंडल में 20 सदस्य शामिल हो सकते है। यदि एक ग्राम पंचायत के अधीन कई गांव आते है तो हर गांव में एक युवा मंडल बनाया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी गांव में एक से अधिक युवा मंडल है तो वहां युवा मंडल एक और युवा मंडल दो भी बनाए जा सकते हैं। यदि किसी युवा की उम्र 29 से अधिक हो जाती है तो उसके स्थान पर दूसरे सदस्य को 15 दिन के भीतर चुनना होगा।

### समिति करेगी मंडलों की निगरानी

इन मंडलों की कार्यप्रणाली की निगरानी के लिए हर जिले में डीसी की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया जाएगा। इसमें नोडल प्रिंसिपल (डीवाईसीओ) सदस्य सचिव और जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सदस्य होंगे। यह समिति ये सुनिश्चित करेगी कि जिले में युवा मंडल के गठन के निर्धारित लक्ष्य को समय रहते पूरा किया जाए और केवल पात्र व सक्रिय युवा ही इन मंडलों से जुड़ें। निदेशालय ने अपने भेजे पत्र में स्पष्ट किया है कि ये मंडल पूरी तरह से गैर-राजनीतिक होंगे। इनका एकमात्र उद्देश्य समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण होगा। इस पहल से ग्रामीण युवाओं को न केवल अपनी प्रतिभा दिखाने का एक मंच मिलेगा बल्कि वे अपने गांवों के विकास में एक जिम्मेदार भागीदार भी बन सकेंगे।

### यह सरकार की सकारात्मक पहल

यह सरकार की एक सकरात्मक पहल है। इससे युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा में प्रयोग किया जा सकेगा। गांवों में इन युवा मंडलों की स्थापना के लिए स्थानीय लोगों, समाजसेवी संस्थाओं की मदद से ली जाएगी। युवा मंडल के गठन का कार्य निर्धारित समयाविधि में पूरा कर लिया जाएगा।
-अश्विनी शर्मा, प्रिंसिपल, आईटीआई होली

## खबर संक्षेप

### सड़क पर मिले गहने और नकदी लौटाई

**समालखा।** समालखा की सीताराम कॉलोनी निवासी समालखा मेट्रो रिक्शा चालक रमेश को जीटी रोड पर पुराने बस अड्डे के पास सड़क पर दो थैले पडे मिले। रमेश इन्हें उठा कर अपने घर ले आया। रमेश ने थैले खोल कर देखा तो उसके अंदर एक सोने की अंगूठी, चांदी का सामान और 17 हजार रुपए और एक आईडी कार्ड मिला। रमेश की सूचना पर समालखा पुलिस चौकी इंचार्ज अनिल कुमार ने थैलों के मालिक गांव भापरा निवासी राजवंती निवासी वाल्मीकि मोहल्ला की तलाश की और उनके गहने आदि रमेश कुमार से दिलवाए। राजवंती ने रमेश व चौकी इंचार्ज अनिल कुमार का आभार जताया।

### सिविल अस्पताल में दो पक्षों में हुई मारपीट

**पानीपत।** पानीपत के सिविल अस्पताल की इमरजेंसी में रविवार की दोपहर को गांव भैंसवाल निवासी अवसाना नामक महिला का इलाज कराने आए ससुराल और मायके पक्ष के बीच जमकर मारपीट हुई। वहीं अवसाना के भाई नसीम निवासी गांव आसन कलां का आरोप है कि ससुराल वाले, अवसाना का सही तरीके से इलाज नहीं करा रहे हैं। वहीं पुलिस ने मामले को शांत करवाया और इस प्रकरण की जांच शुरू कर दी।

### महिला की हत्या के आरोप में मां-बेटा काबू

**पानीपत।** पानीपत के पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि गांव नगला आर में हुई सुखदेई की हत्या के केस में उसकी देवरानी कृष्णा व इसके नाबालिग पुलिस को गिरफ्तार किया गया है। सुखदेई की शनिवार को चाकू से गोद कर हत्या कर दी गई थी। वहीं कृष्णा, सुखदेई से रंजिश रखती थी। इधर, थाना सनौली खुर्द पुलिस ने सुखदेई की बाली व चाकू बरामद किया है। वहीं, पुलिस ने कृष्णा व इसके पुत्र को अदालत में पेश किया। कोर्ट ने कृष्णा को न्यायिक हिरासत में जेल और इसके पुत्र को बाल सुधार गृह भेज दिया है।

### बच्ची से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 13-17 थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ के केस में पुलिस ने आरोपी रामभज उर्फ पप्पू को गिरफ्तार किया। वहीं इसके खिलाफ केस दर्ज किया और फिर अदालत में पेश किया। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने रामभज को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### चौकीदार की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने काबड़ी रोड के कुलदीप नगर स्थित एआर फैक्टरी के चौकीदार रामकिशन की ईंट मारकर हत्या करने के आरोप में सूरज उर्फ संजय निवासी गांव पारदुल्ला हरदोई यूपी हाल निवासी गंगाराम कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी संदीप ने बताया कि आरोपी सूरज ने रंजिशन रामकिशन की हत्या की है। वहीं, इस केस में थाना पुराना औद्योगिक में माडल टाउन निवासी अभिमन्यु गुलाटी की शिकायत पर केस दर्ज है।

## एक आढ़ती के इलेक्ट्रॉनिक कांटे में गड़बड़ी मिलने पर थमाया नोटिस

# सीएम फ्लाइंग ने पिपली मंडी में जांचे इलेक्ट्रॉनिक कांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पिपली अनाज मंडी में रविवार को सीएम फ्लाइंग की टीम ने दस्तक दी। टीम के मंडी में पहुंचते ही हड़कंप मच गया। सीएम फ्लाइंग की टीम ने नापतोल विभाग के साथ मिलकर दुकानों पर इलेक्ट्रॉनिक कांटे की जांच की। इसमें एक आढ़ती का कांटा विभाग से पास नहीं पाया गया। साथ ही उसमें वजन चेक करने पर कुछ गड़बड़ी भी मिली। इसके अलावा कई आढ़ती मैनुअल कांटे का इस्तेमाल करते पाए गए।

- फ्लाइंग के अनाज मंडी में पहुंचते ही हड़कंप मच गया

टीम ने एएसआई राजबीर और विभाग के एसडीओ कुलदीप सिंह की अगुवाई में मंडी में तीन आढ़तियों के इलेक्ट्रॉनिक कांटों की चेकिंग की। इनमें दो आढ़ती के कांटे ठीक पाए गए, जबकि आढ़ती वेद प्रकाश का इलेक्ट्रॉनिक कांटा नापतोल विभाग से पास नहीं था।

इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग की ओर से आढ़ती को नोटिस दिया गया। इसके अलावा टीम ने कांटों के साथ-साथ कट्टों में जीरी की तौलाई को जांचा। टीम ने मंडी से 15 से ज्यादा कट्टों का वजन चेक किया। हालांकि इसमें कोई गड़बड़ी नहीं मिली।

*टीम ने करीब 2 घंटे तक मंडी में जीरी की तौलाई, इलेक्ट्रॉनिक और मैनुअल कांटों की जांच की*



कुरुक्षेत्र। पिपली अनाज मंडी में जांच करती सीएम फ्लाइंग की टीम।

### हर कट्टे में 38 किलो से ज्यादा वजन मिला

इनकी जांच में हर कट्टे में 38 किलो से ज्यादा वजन मिला। टीम ने अलग-अलग जगह पर पड़े कट्टों का वजन चेक करवाया। दरअसल, किसान लगातार मैनुअल कांटे और जीरी की तौलाई में गड़बड़ी के आरोप लगा रहे थे। इसे लेकर सीएम फ्लाइंग और नापतोल विभाग की टीम ने पिपली अनाज मंडी में रेड कर दी। टीम सुबह करीब साढ़े 10 बजे मंडी पहुंची और करीब 2 घंटे तक मंडी में जीरी की तौलाई, इलेक्ट्रॉनिक और मैनुअल कांटों की जांच की।

### नमीयुक्त होने से धान बेचने में आ रही परेशानी

**जुलाना।** कस्बे की अनाजमंडी में धान की आवक ने तेजी पकड़ ली है। आने वाले दिनों में धान की आवक और अधिक तेजी से होगी। मंडी में किसान नमीयुक्त धान ला रहे हैं, जिससे उन्हें धान बेचने में काफी परेशानियों से होकर गुजरना पड़ रहा है। प्रशासन द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि मंडी में अपनी फसल को सुखाकर लाएं ताकि मंडी में किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए कोई परेशानी ना हो। मंडी में बाजरा का भाव 1821 से 2200 प्रति क्विंटल तक रहा। मंडी में 311 क्विंटल बाजरा की आवक हुई। जबकि अब तक कुल 2827 क्विंटल बाजरा मंडी में पहुंच चुका है।

### धान की तुलाई में हो रही गड़बड़ी पर भड़के किसान

अंबाला। अंबाला छावनी की नई अनाज मंडी में रविवार सुबह किसानों ने धान की फसल की तुलाई में हो रही गड़बड़ियों को लेकर अपनी नाराजगी जताई। किसानों ने बताया कि मंडी में लगे कांटे (वजन मशीनें) सही से काम नहीं कर रहे, जिससे उनकी फसल का वजन कम दिखाया जा रहा है। इस बात की जानकारी मिलते ही किसान यूनियन के कुछ नेता मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मंडी प्रशासन से तत्काल कांटों की जांच करवाने और तकनीकी खामियों को दुरुस्त करने की मांग की। किसान यूनियन के प्रतिनिधि मौके पर पहुंचते हैं और मंडी कर्मियों से बातचीत करते हैं। किसानों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से लगातार शिकायत मिल रही थी कि फसल का वजन वास्तविक से कम दिखाया जा रहा है। किसान नेता देवदत्त ने कहा कि हम विरोध के लिए नहीं आए हैं, बल्कि सुधार के लिए आए हैं। हमारा मकसद यह सुनिश्चित करना है कि किसान को उसके पसीने की सही कीमत मिले। यदि कांटे ठीक नहीं होंगे तो फसल का सही भाव नहीं मिल पाएगा। इस मौके पर मौजूद अन्य किसानों ने बताया कि सुबह से तुलाई का काम चल रहा था, लेकिन कई बार वजन में असमानता देखने को मिली। किसानों ने कहा कि वे चाहते हैं कि मंडी प्रशासन पारदर्शिता बनाए रखे और हर कांटे की जांच जिला स्तर पर करवाई जाए। मंडी सचिव राम कुमार ने मौके पर पहुंचकर किसानों को भरोसा दिलाया कि सभी कांटों की जांच तुरंत कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। तुलाई में पारदर्शिता हमारी प्राथमिकता है। फिलहाल मंडी प्रशासन ने कांटों की जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है और संबंधित कंपनी को मशीनों की सर्विसिंग के आदेश दे दिए गए हैं। किसानों ने भी उम्मीद जताई है कि आने वाले दिनों में इस तरह की समस्या दोबारा नहीं होगी।

- बोले, वजन तोलने वाली मशीन नहीं कर रही सही काम
- मंडी अधिकारियों से तुरंत मामले की जांच की मांग
- किसान बोले, व्यवस्था में होना चाहिए सुधार

## खालसा कॉलेज के छह छात्र कुवि की टॉप-10 में शामिल



करनाल। मेरिट में आए विद्यार्थी, प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस एवं प्राचार्य डॉ. चूहड़ सिंह के साथ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

गुरु नानक खालसा कॉलेज के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा घोषित एम. पंजाबी चौथे सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में कॉलेज के छह विद्यार्थियों ने टॉप-10 में जगह बनाई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने जानकारी दी कि गुलशन लाल ने 69.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया।

अरविंद कुमार ने 67.6 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रदीप कुमार ने 64 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवां स्थान, हरविंद्र सिंह ने 62.2 प्रतिशत अंकों के साथ आठवां स्थान, ज्योति देवी ने 62 प्रतिशत अंकों के साथ नौवां और कुमारी ज्योति ने 61.6 प्रतिशत अंकों के साथ दसवां स्थान प्राप्त किया। कॉलेज में जब यह परिणाम घोषित हुआ तो प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कॉलेज विद्यार्थियों को शिक्षा का अनुकूल और सभ्य वातावरण प्रदान करता है, जिसका परिणाम है कि छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय स्तर पर अपनी श्रेष्ठता साबित कर रहे हैं।

### एम. पंजाबी चौथे सेमेस्टर में गुलशन ने किया टॉप कॉलेज में खुशी का माहौल

### शिक्षकों को दिया श्रेय

विद्यार्थियों ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों डॉ. जतिंद्र पाल सिंह, डॉ. प्रवीण कौर और प्रो. इमरान खान को दिया। इस अवसर पर संगीत विभाग के आचार्य डॉ. कृष्ण अरोड़ा सहित कॉलेज स्टाफ और विद्यार्थियों ने इनकी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

## शाहाबाद में तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर लगने से चौकीदार की मौत

**कुरुक्षेत्र।** शाहाबाद में धंतौड़ी पुल के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर लगने से चौकीदार की मौत हो गई। चौकीदार अपनी ड्यूटी खत्म करके बाइक पर अपने घर लौट रहा था। हादसे के बाद ड्राइवर अपना ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर फरार हो गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मृतक की पहचान बलदेव सिंह (52) निवासी सराय सुखी (झांसा) के रूप में हुई। बलदेव सिंह दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे-44 पर धंतौड़ी के पास ढाबे पर चौकीदारी करता था। शुक्रवार को बलदेव की नाइट ड्यूटी थी। नरेंद्र सिंह ने पुलिस में बयान दर्ज करवाया कि उसका चाचा बलदेव शनिवार सुबह 10 बजे उसे धंतौड़ी पुल के नीचे मिला था। वह अपनी बाइक पर घर जा रहा था। जैसे ही उसका चाचा धंतौड़ी के रास्ते पर पुल के पास पहुंचा तो तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली ने उसके चाचा की बाइक के पीछे टक्कर मार दी। पीछे से जोरदार टक्कर लगने के बाद उसका चाचा बलदेव बाइक से उछलकर सिर के बल सड़क पर गिर पड़ा और मौके पर ही बेहोश हो गया। किसी राहगीर ने डायल-112 पर सूचना दी। एम्बुलेंस ने जरिए उनको सीएचसी शाहाबाद ले जाया गया। यहां इलाज के दौरान उसके चाचा की मौत हो गई।

## गटका टूर्नामेंट में दिखाई प्रतिभा

**बराड़ा।** अकाल अकादमी होली में इंटर-ज़ोन गटका टूर्नामेंट का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। इसमें अकाल अकादमी होली और अकाल अकादमी भूंसला की टीमों ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट में विद्यार्थियों ने सिख परंपरागत मार्शल आर्ट गतका का शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी ताकत, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। दर्शकों ने विद्यार्थियों के ऊर्जावान प्रदर्शन की जमकर सराहना की। प्रतियोगिता के परिणामों में अकाल अकादमी, होली की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंडर-14 श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम में गुरबाज सिंह, हरमीत सिंह, रिदमप्रीत सिंह और हरगुन सिंह शामिल रहे, जिन्होंने अपनी निपुणता और टीम भावना से सबका दिल जीत लिया। विद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ सदस्यों ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

## डॉ. मंजू को अंतरराष्ट्रीय शिक्षक रत्न की मानद उपाधि

**अंबाला।** अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर लुंबिनी (नेपाल) स्थित शब्द प्रतिभा फाउंडेशन द्वारा शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ. मंजू तोमर को "अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक रत्न मानद उपाधि" से सम्मानित किया गया। संस्थान ने डॉ. तोमर की रचनाओं का सूक्ष्म मूल्यांकन करते हुए उनकी साहित्यिक बहुमुखी प्रतिभा और शैक्षिक योगदान को ध्यान में रखते हुए उन्हें इस गौरवपूर्ण सम्मान से विभूषित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत भारत-नेपाल मैत्री संबंधों और हिंदी भाषा-साहित्य के अंतरराष्ट्रीय प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने हेतु एक प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें 2143 रचनाकारों ने भाग लिया। इनमें से डॉ.



मंजू तोमर की रचना को उत्कृष्ट रचना के रूप में चयनित करते हुए यह मानद उपाधि प्रदान की गई। तोमर को इससे पूर्व भी शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। हाल ही में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष द्वारा भी उन्हें शिक्षा एवं साहित्य में रचनात्मक योगदान के लिए सम्मानित किया गया था।

## करवाचौथ पर्व 10 अक्टूबर को, बाजारों में छाई रौनक, दुकानदारों के खिले चेहरे

# बाजारों में खरीदारी के लिए उमड़ रही महिलाओं की भीड़

- ब्यूटी पार्लरों में चल रही एडवांस में बुकिंग, सर्राफा बाजार चमका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

शुक्रवार को पति की लंबी आयु के लिए रखे जाने वाले करवा चौथ व्रत को लेकर महिलाओं में खरीदारी के लिए क्रेज के चलते शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। इस बार करवा चौथ का व्रत 10 अक्तूबर दिन शुक्रवार को है। व्रत के तीन दिन शेष रहने के चलते बड़ी संख्या में महिलाएं व युवतियां ब्यूटी पार्लर में पहुंच रही हैं।

ब्यूटी पार्लरों मे युवतियों व महिलायों अच्छी खासी भीड़ नजर आ रही है। जहां पर घंटो बैठकर इंतजार किया जा रहा है। ब्यूटी पार्लर संचलिका बाला रानी का कहना है कि करवें व्रत की तैयारी के लिये महिलायों सजने सावरनें के लिये लम्बा इंतजार करना पड़ रहा है। ज्वेलर्स की दुकानों पर भी महिलाएं जमकर खरीदारी कर रही हैं। इससे बाजार में रौनक लौट आई है रविवार को शहर के बाजारों में करवा चौथ व्रत की खरीदारी को लेकर अच्छी खासी भीड़ रही। खासकर शहर के मेन बाजार मनियारी की दुकानों पर काफी भीड़ नजर आई। इस दौरान महिलाओं ने जमकर खरीदारी की महिलाएं बाजार से करवा चौथ व्रत की पूजा के लिए प्रयोग किए जाने वाले वस्तुएं जैसे सुहागी नारियल, करवा की थाली जमकर खरीदारी कर रही हैं इसी तरह अधिकतर महिलाएं ऑनलाइन शॉपिंग को छोड़कर बाजार से ही ज्वेलरी, गारमेंट्स, कॉस्मेटिक की खरीदारी करना बेहतर समझ रही हैं। महिलाओं का तर्क है कि ऑनलाइन शॉपिंग में क्वालिटी की कोई गारंटी नहीं होती जबकि बाजार में उपलब्ध हर चीज की गारंटी रहती है। किसी भी समय दुकानदार से वह अपनी वस्तु को बदल सकते हैं। करवा चौथ का व्रत नजदीक आते ही ब्यूटी पार्लर में महिलाएं सजना सवरनें के लिए एडवांस बुकिंग करवा ली हैं। वही मेहंदी लगवाने वाले के लिए भी महिलाओं की भीड़ देखने को मिल रही है दो दिन पहले करनाली गेट, चूड़ी बाजार मे मेंहदी लगवाने वाली महिलाओं की भारी भीड़ लगी रही।





तरावड़ी। मनियारी की दुकानों महिलाओं की भीड़।

### मंदी के दौर से मिल सकेगा छुटकारा

*इन दिनों सुबह से शाम तक बाजार में रौनक हो रही है। लोग आभूषण व कपड़े की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। इन दिनों शहर के सराफा बाजार, मनियारी बाजार, रेडीमेड गारमेंट्स की दुकानों पर, बर्तन भंडार, क्लॉथ हाउस, इलेक्ट्रॉनिक स्टोर संचालकों का कारोबार भी चमक रहा है। ग्राहकों की भीड़ से बाजार गुलजार होने से मंदी के दौर से छुटकारा मिलने वाला है।*

महिलाओं की अधिकतर भीड़ ज्वेलरी, मनियारी, चूड़ी वालों की दुकान पर लगी रही। दुकानदारों ने भी अपनी दुकानें सजाई हुई है महिलाएं करवा चौथ व्रत को लेकर काफी उत्साहित दिख रही हैं। कारोबारी की माने तो यह त्यौहार का सीजन व शादियां होने से कारोबार में तेजी आने लगी है।

आगामी दिनों में करवा चौथ व्रत, दीपावली व भैया दूज है। इस कारण बाजार में ग्राहकों की चहल-पहल में इजाफा हुआ है।

## इंस्टा पर फर्जी आईडी से युवती की फोटो की वायरल, केस दर्ज

**यमुनानगर।** इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी से युवती की फोटो वायरल कर दी गई। साथ ही फोटो पर अभद्र टिप्पणी की गई। इन आरोप में युवती ने थाना साइबर क्राइम पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात पर आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। थाना छप्पर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी इंस्टाग्राम पर आईडी है। उस पर उसके फोटो हैं।

एक से 15 जुलाई के बीच इंस्टाग्राम चलाते समय एक इंस्टाग्राम आईडी पर उसकी फोटो अपलोड कर वायरल की हुई थी। साथ ही फोटो पर अभद्र टिप्पणी की गई थी। इसका पता लगने पर परिजनों को बताया। बाद में परिजनों के साथ थाने पहुंचकर पुलिस को शिकायत की। जांच अधिकारी का कहना है कि शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### श्वांस व एलर्जी का फ्री मेडिकल कैम्प आज

**करनाल।** स्वास्थ्य सुरक्षा सेवा समिति करनाल की ओर से श्वांस (दमा), पुरानी खांसी, नजला-जुकाम व एलर्जी के मरीजों के लिए 396वां निःशुल्क मेडिकल कैम्प आगामी सोमवार 6 अक्तूबर को शरद पूर्णिमा की रात श्री सेवा समिति आश्रम अर्जुन गेट करनाल में आयोजित किया जाएगा। रोगियों को शाम 7 बजे तक आश्रम पहुंचना होगा। कैम्प में आने वाले मरीजों को अनाज नहीं खाना है, वे फल, दूध और चाय ले सकते हैं।

### महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह आज

**करनाल।** संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन करनाल व भगवान वाल्मीकि जन कल्याण संघ के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार 6 अक्तूबर को वाल्मीकि भवन, सेक्टर-9 करनाल में महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह मनाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 8 बजे होगा। प्रातः 9 बजे हवन यज्ञ में मेयर रेनू बाला गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में आहुति डालेंगी।

### ज्ञान और वृक्ष दोनों का विकास जरूरी : मक्कड़ह

**तरावड़ी।** जब पर्यावरण ही स्वच्छ नहीं होगा तो जीवन भी असंभव हो जाएगा। यह शब्द जी डी ओवरसीज उद्योगपति व समाजसेवी सीएमडी तिलक राज मक्कड़ ने कहा । उन्होने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए पौधारोपण जरूरी है इसके बिना जीवन संभव नहीं है इसलिए हमें समय-समय पर पौधारोपण करते रहना चाहिए।

### डिपो होल्डर एसोसिएशन के प्रधान बने ईशम सिंह

**घरौंडा।** डिपो होल्डर एसोसिएशन की एक बैठक एक निजी होटल में हुई। जिसमें प्रधान पद के लिए चुनाव प्रक्रिया कराई गई। जिसमे सर्वसम्मति से ईशम सिंह को प्रधान नियुक्त किया गया। जिसका एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उनका फूलमालाओं के साथ स्वागत। नवनियुक्त प्रधान ईशम सिंह ने कहा कि एसोसिएशन ने जो जिम्मेदारी उनको सौंपी है, उसको निष्ठा व ईमानदारी से निर्वाह करने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर पूर्व प्रधान अनिल सेन, अजय सिंगला, अनिल कुमार, रवींद्र राणा, मंगल सिंह, मनीष कुमार सहित अन्य एसोसिएशन के सदस्य रहे।



### 16 को कोर्ट परिसर में लगेगा मेगा सेवा शिविर

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 16 अक्टूबर 2025 को जिला न्यायालय परिसर में मेगा सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इस मेगा सेवा शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए जाएंगे तथा संबंधित विभागों की योजनाओं की जानकारी आमजन को दी जाएगी।

## देशभर में पंच परिवर्तन अभियान व्यापक स्तर पर चलाएगा संघ

# देश में कोई भी आपदा आती है तो स्वयंसेवक समाज के साथ होते हैं खड़े : सुरेन्द्रपाल

- 2 अक्तूबर से शुरू हुए कार्यक्रम विजयदशमी 2026 तक होंगे
- हर गांव व नगर में कार्यक्रमों के लिए होगा जनसंपर्क

कार्यक्रम में 100 वर्ष की यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया कि विजयादशमी के दिन 1925 को कुछ लोगों के साथ मिलकर संघ का संगठन खड़ा किया,जो आज स्वयंसेवकों की संख्या की दृष्टी से विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है और सार्थक भूमिका निभा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आज तरावड़ी के स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण किया गया तथा नगर में स्वयंसेवकों द्वारा पथसंचन किया गया, पथसंचन के दौरान लोगों ने स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा करके जगह-जगह अभिनंदन भी किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरा होने पर शहर की चन्दन राईस मिल के मैदान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार सांय संघ के स्वयंसेवकों ने पहले शाखा लगाई और ध्वज प्रणाम करके भारत माता को नमन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में न्यू कैम आयल मालिक राजकुमार तायल तथा मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत प्रचारक सुरेन्द्र पाल जी ने अपना संबोधन दिया। प्रांत प्रचारक सुरेन्द्र पाल ने संघ के संस्थापक डा हेडगेवार के कई प्रसंग सुनाते हुए बताया की उन्होंने शुरू से ही स्वयंसेवकों को सभी काम ख़ुद करना सिखाया। वो जो कुछ भी करवाना चाहते थे सामने वाले से बुलवा लेते थे। पहली पंक्ति संघ में यही खिची गई कि सबको साथ लेकर चलना है। उन्होंने भगवान श्री राम और भगवान कृष्ण के जीवन से जुड़े उदाहरण बताये की उनके जीवन से हम तप और तपस्या सीखते हैं। संघ की शाखा में आने के बाद स्वयं सेवक इस मिट्टी में इतना रंग जाता है की वह अपना रंग ही भूल जाता है।



**तरावड़ी।** कार्यक्रम मे सम्बोधित करते हुये प्रांत प्रचारक सुरेन्द्रपाल, मुख्य अतिथि राजकुमार तायल व उपस्थित स्वयंसेवक। *फोटो : हरिभूमि*



**करनाल।** मंगल पांडे उपनगर के कार्यक्रम में मौजूद संघ के पदाधिकारी व सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### प्रांत प्रचारक ने स्वयंसेवकों के योगदान को सराहा

प्रांत प्रचारक सुरेन्द्र पाल ने स्वयं सेवकों के योगदान की सराहना की और कहा देश में कोई भी आपदा रही हो स्वयंसेवकों ने समाज के लोगों के साथ खड़े होकर साथ दिया चाहे कोरोना काल हो या बाढ़। उन्होंने कहा हमें पंच परिवर्तन के साथ समाज में परिवर्तन करना है हम सब संघ में पुरानी परंपरा वाले स्वयंसेवक हैं जो हमेशा समाज के लिए मातृभूमि के लिए काम करने के लिए प्रेरित रहते हैं। स्वयंसेवकों का समय लेकर ही संघ आगे बढ़ता है। नमस्ते सदा वत्सले से शुरू होकर भारत माता की जय बोलने के बीच स्वयंसेवक देश के प्रति समर्पण के लिए तैयार

### मंगल पांडे उपनगर में संघ की स्थापना पर कार्यक्रम

**करनाल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरा होने पर शहर के मंगल पांडे उपनगर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेक्टर 4 स्थित पार्क में संघ के स्वयंसेवकों ने पहले शाखा लगाई और ध्वज प्रणाम कर भारत माता को नमन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष डॉ गुरबचन सिंह तथा मुख्य वक्ता के रूप में सेवा भारती के प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र कुमार ने अपना संबोधन दिया। मुख्य अतिथि डॉ गुरबचन सिंह ने कहा संघ का देश की तरक़्क़ी में बहुत बड़ा योगदान है। हमें देखना है की इन सौ वर्षों में कौन सी चीज़ें रह गई जो आने वाले सौ वर्षों में पूरी करनी है। इस समय सबसे बड़ी चुनौती युवा वर्ग है जिन्हें हमें देश के प्रति समर्पण सिखाना है और सकारात्मक चीज़ो की तरफ़ ले जाना है। सेवा भारती के प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र कुमार ने संघ के संस्थापक डा हेडगेवार के कई प्रसंग सुनाते हुए बताया की उन्होंने शुरू से ही स्वयंसेवकों को सभी काम ख़ुद करना सिखाया। वो जो कुछ भी करवाना चाहते थे सामने वाले से बुलवा लेते थे। पहली पंक्ति संघ में यही खिची गई कि सबको साथ लेकर चलना है।

## प्रचारकों ने दी 100 वर्ष की जानकारी

# शताब्दी वर्ष पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया पथ संचलन कार्यक्रम



**तरावड़ी।** जानकारी देते हुये डबल चाबी चावल के निर्माता बृजभूषण गोयल, पुष्कर गोयल। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को घरौंडा शहर में शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन कार्यक्रम बड़े ही भव्य और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई और पूरा शहर "जय श्री राम" व "वंदे मातरम" के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सुनील कंबोज, करनाल जिला संघ संपर्क प्रमुख, उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि संघ केवल एक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का अभियान है जो समाज के प्रत्येक वर्ग में देशभक्ति, अनुशासन और सेवा की भावना जगाता है। शताब्दी वर्ष में सांस्कृतिक आयोजनों की एक श्रृंखला पूरे देश में आयोजित की जाएगी।

### महत्व बताया

डॉ. कंबोज ने अपने संबोधन में समाज में आवश्यक पांच प्रमुख परिवर्तनों पर विशेष जोर दिया कहा कि सामाजिक समरसता, परिवार केंद्रित संस्कार, पर्यावरण संरक्षण, युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भागीदारी और नारी शक्ति के सम्मान एवं सशक्तिकरण। उन्होंने कहा कि शस्त्र पूजन के बाद स्वयंसेवकों का पथ संचलन नगर के प्रमुख मार्गों से निकाला गया। सैकड़ों गणवेशधारी स्वयंसेवक अनुशासित पंक्तियों में आगे बढ़ते हुए "भारत माता की जय" और "जय श्री राम" के जयघोष कर रहे थे। नागरिकों ने फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया।

### कार्यक्रम के दौरान ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संघ के नगर कार्यवाह, विभाग प्रचारक, प्रांत स्तरीय पदाधिकारी, व्यापारी वर्ग, सामाजिक संगठन एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगीत के साथ आयोजन का समापन किया गया और शताब्दी वर्ष के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन, संगठन और देशभक्ति की भावना देखने योग्य रही।

# अनाज मंडी पहुंचे पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा

- धान खरीद पर कम से कम 500 बोनस और नमी में 24 प्रतिशत छूट दे सरररकार : हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आज प्रदेश की कई मंडियों का दौरा किया। उन्होंने घरौंडा व करनाल अनाज मंडी में पहुंचकर किसानों, मजदूरों और आढ़तियों की समस्याएं सुनीं। किसानों ने बताया कि उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य (रूस्क्क) से वंचित किया जा रहा है और खरीद के नाम पर खुली लूट हो रही है। सरकारी एजेंसियां नमी या काले दाने का बहाना बनाकर धान की खरीद से इनकार कर रही हैं। इसके चलते भी 500-800 तक कम रेट पर खरीद हो रही है।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए हुड्डा ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले धान का रेट 3100 प्रति क्विंटल देने का वादा किया था, लेकिन अब तक नहीं दिया जा रहा। हुड्डा ने कहा कि सरकार को नमी की मात्रा में 22-24त्न तक छूट देनी चाहिए और काले दानों की मात्रा में भी राहत देते हुए कम से कम 500 प्रति क्विंटल बोनस की घोषणा करनी चाहिए। इस बार भारी बारिश, बाढ़ और जलभराव के कारण किसानों की फसल में 100त्न तक खराबा हुआ है।



करनाल। अनाज मंडी में किसानों से धान की जाएनकारी लेते पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा।

### खराब फसल के मुआवजे की मांग उठाई

*सरकार ने मुआवजे के रूप में अधिकतम 15,000 प्रति एकड़ की घोषणा की है, जबकि किसानों को 60,000 से 70,000 प्रति एकड़ का नुकसान हुआ है। खेतों का ठेका भी 70,000 प्रति एकड़ से अधिक हो चुका है। ऐसे में सरकार द्वारा ऐलान किया गया मुआवजा, ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि सरकार ने किसानों को 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल, रजिस्ट्रेशन और गेट पास जैसी अव्यवस्थाओं में उलझाकर रखा है। उठान के कार्य में सुधार के लिए कोई प्रयास नहीं किए जा रहे।*

# मूर्ति विसर्जन पर समिति की आपत्ति

- पर्यावरण संरक्षण समिति की कार्यकारिणी बैठक आज आर्य समाज मंदिर सेक्टर-13 में आयोजित हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पर्यावरण संरक्षण समिति की कार्यकारिणी बैठक आज आर्य समाज मंदिर सेक्टर-13 में आयोजित हुई। बैठक में अंधविश्वासी एवं रूढ़िवादी प्रथाओं पर विचार-विमर्श किया गया, जिसमें विशेष रूप से नदियों-नहरों व तालाबों में मूर्तियों के विसर्जन की प्रथा को हानिकारक बताया गया। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि मूर्तियां मिट्टी व केमिकलयुक्त रंगों से बनी होती हैं, जिनके विसर्जन से जल प्रदूषण बढ़ता है और यह पशु-पक्षियों तथा जलीय जीवों के जीवन के लिए भी घातक है। बैठक के दौरान बताया गया कि हाल ही में गणेश मूर्ति विसर्जन के दौरान तालाब में पलटी एक ट्राली में सवार 8 बच्चों सहित 11 लोगों की मौत हो गई। समिति ने कहा कि यह प्रथा अनुचित और धार्मिक भावनाओं के विपरीत है तथा धर्माचार्यों को समाज को जागरूक करना चाहिए। इस अवसर पर समिति चेयरमैन एस.डी. अरोड़ा, पैट्रन राम रतन अत्री, के.एल. नारंग, कंवल भसीन, अर्जुन देव वर्मा, अनिल अरोड़ा, नरेन्द्र मोहन सिंह, ओ.पी. सचदेवा आदि मौजूद रहे।



**करनाल।** पर्यावरण संरक्षण समिति की बैठक में मौजूद पदाधिकारी व सदस्य।



**करनाल।** रक्तदान शिविर में मौजूद आयोजक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### महाराजा अग्रसेन जयंती पर रक्तदान शिविर

**करनाल।** महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रकुल सेवा संस्था, करनाल कैमिस्ट एसोसिएशन, मानव सेवा संघ और जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन मानव सेवा संघ करनाल में हुआ। शिविर में 300 से अधिक लोगों ने पंजीकरण करवाया, जिनमें से 267 ने रक्तदान किया। इस अवसर पर संजीव जिंदल मुख्य अतिथि, मेयर रेनू बाला गुप्ता व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संजीव जिंदल ने कहा कि रक्तदान से कई बीमारियों से बचाव होता है और शरीर स्वस्थ रहता है। मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है, इसका कोई विकल्प नहीं है। जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में भाईचारा बढ़ाते हैं।

# इंद्री में हुआ देवी का जागरण व भंडारा

- जागरण में राधा कृष्ण, शिव पार्वती, माता काली और अघौरी की झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

इंद्री के वार्ड 3 मे जय मां ज्वाला जी एकता संगठन इंद्री के द्वारा 12वां मां भगवती जागरण एवं भंडारा का आयोजन किया गया । यह आयोजन भक्तिमय वातावरण और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बन गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा की भव्य आरती से हुई। इसके बाद गणेश वंदना और विभिन्न आरतियों की मधुर प्रस्तुतियां दी गई, जिससे पूरा माहौल भक्ति रस में डूब गया। माता रानी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा और सैकड़ों की संख्या में मौजूद श्रद्धालु नृत्य करते, भजन गाते हुए भक्ति में लीन नजर आए। आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए संगठन के प्रधान देव कश्यप ने बताया जय मां ज्वाला जी एकता संगठन की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्वाला जी धाम से माता की ज्योति लाई गई थी और जागरण में समाजसेवी तरुण मेहता ने ज्योति प्रचंड किया । कार्यक्रम मे मनमोहक झांकियां कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई । जिसमें मुख्य रूप से राधा कृष्ण, शिव पार्वती, माता काली और अघौरी की झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रही ।



इंद्री में मां भगवती जागरण मे माता की महिमा का गुणगान करती कलाकार ।



**करनाल।** कथा में मौजूद महिला श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### शिव कथा में माता पार्वती जन्म प्रसंग का वर्णन

**करनाल।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा ग्राम जुंडला स्थित बाला सुंदरी मंदिर, असंध रोड पर चल रही भगवान शिव कथा के दूसरे दिवस में कथा व्यास साध्वी सुश्री सरोज भारती जी ने माता पार्वती जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि माता सती ने संशयवश अपने शरीर का त्याग किया और उसी स्मरण से उन्हें पार्वती रूप में पुनर्जन्म प्राप्त हुआ। साध्वी जी ने कहा कि यह कथा मानव जीवन के लिए संदेश है कि जैसा अंतिम चिंतन होगा, वैसी ही गति प्राप्त होगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से ईश्वर स्मरण व पवित्र विचारों को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन आरती और हर-हर महादेव के जयघोषों के साथ हुआ।



**तरावड़ी।** परिचर्चा करते जी वी राईस मिल के सीएमडी प्रमोद बंसल एवं विनित बंसल। *फोटो : हरिभूमि*

### संस्कारों से ही होता है चरित्र का निर्माणः प्रमोद

**तरावड़ी।** जी वी राइस एक्सपोर्ट प्रा. लि. के सीएमडी प्रमोद बंसल ने कहा कि जीवन में संस्कारों का अत्यधिक महत्त्व है। संस्कारों का सर्वाधिक महत्त्व मानवीय चित्त की शुद्धि के लिए है। संस्कारों के द्वारा ही मनुष्य का चरित्र निर्माण होता है और विचारों के अनुरूप संस्कार, क्योंकि चरित्र ही वह धुरी है। जिस पर मनुष्य का जीवन सुख, शान्ति और मान-सम्मान को प्राप्त करता है श्रेष्ठ संस्कारवान मानव का निर्माण ही संस्कारों का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि संस्कारों के द्वारा ही मनुष्य में शिष्टाचरण एवं सभ्य आचरण की प्रवृत्ति का विकास होता है। इस अर्थ में सर्वसाधारण के मानसिक, चारित्रिक एवं भावनात्मक विकास के लिए सर्वांग सुन्दर विधान संस्कारों का है, संस्कार ही वो आभूषण है जो मनुष्य को असली रत्न बनाता है। विनीत बंसल ने कहा कि संस्कारवान व्यक्ति ही सच्चा धनवान होता है, क्योंकि धन तो क्षणभंगुर है, पर संस्कार जीवन भर साथ रहते हैं। संस्कार ही वो ज्योति है जो मनुष्य के जीवन को प्रकाशित करती है। बच्चे के संस्कार और शिष्टाचार उसके खुद के जीवन की ही नहीं बल्कि पूरे

### कांग्रेस को 11 साल बाद मिला संगठन कांग्रेस मजबूत होगीः हुड्डा

**करनाल।** आज पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेन्द्र सिंह हुड्डा करनाल पहुँचे, जहाँ उन्होंने जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहरी) पराग गाबा जी के निवास स्थान एवं कार्यालय पर पहुँचकर भेंट की। यह उनका नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद करनाल का पहला दौरा था। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। चौ. हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में किसी प्रकार की कोई गुटबाज़ी नहीं है। संगठनों के गठन के बाद पार्टी और अधिक मज़बूत हुई है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) राजेश वैद, दियांशु बुधिराजा, सुमिता सिंह, भीमसेन मेहता, सुल्तान जंडोला, राजेश चौधरी, राकेश कम्बोज, धर्मपाल गोंदर, धर्मपाल डाचार, कमला मान, पंकज गाबा आदि रहे।

## उद्घाटन — अंतरराष्ट्रीय पटल पर पहचान बना रहा सिसिल ने लेयशा का बासमती चावल

# सिसिल ने लेयशा बासमती राइस का पहला एक्सपीरियंशियल स्टोर खोला

अब तरावड़ी में भी अपने स्वाद की खूशबू बिखेरेग सिसिल ने लेयशा का बासमती चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

सिसिल जो, 40 वर्षों से कृषि निर्यात में विश्वास और उत्कृष्टता का प्रतीक है, ने आज अपने घर शहर तरावड़ी में लेयशा बासमती राइस के लिए अपना पहला एक्सपीरियंशियल स्टोर खोला। इस स्टोर का उद्घाटन शिव शक्ति इंटरग्लोब प्रा.लि. तरावड़ी की सी.एम.डी. संतोष गुप्ता व निदेशक अमन गुप्ता ने किया। इस अवसर पर उन्होंने लेयशा के सेलिब्रेशन वेराइटी से पारंपरिक खीर बनाई, जो माँ के हाथ का खाना सबसे अच्छा होता है के समयबद्ध विश्वास को एक दिल से प्रेरित श्रद्धांजलि थी। दिल्ली-चंडीगढ़ नैशनल हाईवे पर राणा मार्केट में लेयशा बासमती राइस एक्सपीरियंशियल स्टोर केवल एक विक्रय केंद्र नहीं है, बल्कि एक अनुभव है।



**तरावड़ी।** आउटलेट का शुभारंभ करते कम्पनी के सीएमडी रमेश गुप्ता व सुनीता गुप्ता साथ मे एमडी अमन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### चावल की क्वालिटी के बारे में बताया



**तरावड़ी।** चावल का व्यापार एक ऐसा व्यापार है जिसमें चावल की क्वालिटी को बरकरार रखने में चावल व्यापारी को काफी मेहनत करनी पड़ती है। चावल की क्वालिटी की पहचान करने के लिए मिल मालिक को स्वयं इसकी कमान संभालती पड़ती है। तब जाकर कहीं सही क्वालिटी की पहचान हो पाती है। विदेशों मे जब चावलों के सौदे तय होते हैं तो पहले चावल खरीद करने वाला व्यापारी चावल की लंबाई मोटाई पकाई की पूरी जांच करने के बाद फाइनल करता है कि उसके बाद पैकिंग से पहले मिल मालिक चावल की लैब तथा चावल की पकाई पर खास ध्यान देता है। अगर चावल की पैकिंग से पहले व्यापारी को लगता है कि इसमें कुछ चावल के दाने ऐसे आ गए हैं जो चावल की पकाई में दिक्कत पैदा कर सकते हैं तो उनको मशीनों से बाहर कर दिया जाता है। सीएमडी बृजभूषण गोयल व पुष्कर गोयल ने आगे कहा, हमारी मिलों मे तैयार किया गया चावल ईरान, सऊदी, अरब, यमन इराक जैसे देशों में जाता है।

## खबर संक्षेप

### नशे के विरूद्ध जागरूक किया

**समालखा।** नशा मुक्ति अभियान के प्रभारी जगपाल सिंह ने गांव बिहौली निवासियों को नशे की लत के विरूद्ध जागरूक किया। वहीं, एएसआई जागपाल ने कहा कि पुलिस और जनता के आपसी सहयोग से नशे जैसी सामाजिक बुराई पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति नशा करता या बेचता पाया जाए, तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाने में दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

### एवी पब्लिक स्कूल में हुआ सत्संग

**पानीपत।** सनातन प्रहरी संस्थान वेद मंदिर का साप्ताहिक सत्संग नूरवाला स्थित एवी पब्लिक स्कूल में हुआ। इस अवसर पर सनातन प्रहरी संस्थान वेद मंदिर के प्रधान सुशील चौधरी रहे। इस अवसर पर प्रिंसिपल मधु शास्त्री, बलजीत यादव, मधु शास्त्री, संजीव तेहरी, वीरेंद्र सचदेवा, रामचंद्र गाहल्याण, जगदीश काम्बोज, राकेश यादव, गीतेश आर्या, राजेंद्र शास्त्री, धीरज कपूर, वनिता कपूर, निशांत प्रकाश, राहुल शर्मा, जेपी गौड, नीतू चौधरी, पूनम शर्मा, यक्षित, मंयक, मानव, अरूण, प्रत्युष, रौनक, निमृत आर्यन आदि उपस्थित रहे।

### निर्धनों को राशन भेंट किया

**पानीपत।** जन सेवा दल ने रविवार को जरूरमंदों को मासिक राशन वितरित किया। इस अवसर पर अमित डूडेजा, राजेंद्र रतन, युधिष्ठिर शर्मा, किशोर गोस्वामी, जन सेवा दल के महामंत्री चमन गुलाटी, प्रधान कृष्ण मनचंदा, लेखराज जताना, श्याम लाल खूंगर, राजू कथूरिया, राकेश गांधी, सूरजभान फौजी, यश बांगा, कपिल ग्रोवर, कमल गुलाटी, अशोक मिगलानी, रामनाथ शास्त्री नारायण कपूर आदि उपस्थित रहे।

### अजमीढ जी महाराज की जयंती मनाई

**पानीपत।** शरद पूर्णिमा को स्वर्णकार धर्मशाला में समाज की आदिपुरुष अजमीढ जी महाराज की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व मेयर सुरेश वर्मा, संजय वर्मा, मनमोहन वर्मा, सतीश वर्मा, रमेश वर्मा, राजेंद्र वर्मा, सुशील वर्मा, धर्म सिंह वर्मा, हनी वर्मा, ओमप्रकाश, राजीव सोनी आदि ने पूज्य आदिपुरुष अजमीढ जी महाराज का पूजन किया।

### बहुजन समाज पार्टी की बैठक संपंन

**पानीपत।** बहुजन समाज पार्टी की बैठक में पार्टी के संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई। वहीं बैठक में प्रदेश महासचिव रामकुमार सालवन, लाजपत राय जिला प्रभारी, फूलकुमार नंबरदार जिला अध्यक्ष, गुरदयाल जिला महासचिव, मंजीत, जय सिंह, अनिल बौद्ध, सोनू ,मोनू ,सतीश, अनिल ,रविंद्र ,भूपेंद्र, रोहतास, पालेराम, प्रमोद, हेतराम, उमा आदि ने भाग लिया।

### रिटायर कर्मियों की बैठक हुई

**पानीपत।** रिटायर कर्मचारी संघ जिला पानीपत की बैठक सीटू कार्यालय में हुई। बैठक में जिला प्रधान शीशपाल मलिक, जिला कैशियर मोहर सिंह, वरिष्ठ उप प्रधान बलवान सिंह नांदल, ईश्वर सिंह, जय भगवान, रामभज, ईश्वर कुहाड़, कृष्ण कुमार, ऋषि राम, अशोक कुमार, जय सिंह, लाल सिंह आदि ने भाग लिया।

### मंत्री ने धान की खरीद जांची

**समालखा।** हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने रविवार को पानीपत और समालखा अनाज मंडी का निरीक्षण किया और धान खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंडी में मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और धान खरीद में पारदर्शिता एवं त्वरित लिफ्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं, मंडी पहुंचने पर खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कुमारी नीतू ने बुके भेंट कर मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर मार्केट सचिव आशा रानी, आढ़ती हवा सिंह, नरेश प्रधान, मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन विजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## खाद्य व आपूर्ति मंत्री ने मंडियों में धान की बिक्री का जायजा लिया

# स्वदेशी उत्पादों को अपनाए हर नागरिक: नागर

राइस मिलर्स के साथ बैठकें कर खरीद प्रक्रिया को सुचारू व तेज करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर। फोटो :हरिभूमि

पानीपत के सेक्टर 13-17 स्थित भाजपा कार्यालय पर हरियाणा सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद प्रेस वार्ता में किसानों के हितों को लेकर कई अहम घोषणाएं करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक हमारा भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में पूरी दुनिया के सामने खड़ा होगा और देश को विकसित बनाना हमारा सामूहिक लक्ष्य है। उन्होंने दावा किया कि देश की जीडीपी में लगातार हो रही बढ़ोतरी इस दिशा में हमारे मजबूत कदमों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि वे स्वदेशी उत्पादों को अपनाएं और वोकल फॉर लोकल के मंत्र को जीवन में उतारें। मंत्री ने बताया कि इस वर्ष धान खरीद प्रक्रिया को पहले से शुरू करते हुए 22 सितंबर से आरंभ कर दिया गया है, जबकि पूर्व में यह कार्य एक अक्टूबर से शुरू होता था। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंडियों में व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

वहीं मंत्री नागर ने कई मंडियों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और राइस मिलर्स के साथ बैठकें कर खरीद प्रक्रिया को सुचारू व तेज करने के निर्देश दिए हैं। इधर, मंत्री नागर ने कहा कि जहां मिलर्स की संख्या कम है, वहां उनकी तैनाती सुनिश्चित की जा रही है। अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और धान की खरीद प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से पूरी की जाए। वहीं, मंत्री नागर ने कहा कि 500 रुपये में गैस सिलेंडर लेने की योजना के लिए अभी तक 18 लाख पात्र लाभार्थियों ने पंजीकरण करवाया है।

**ये मौजूद रहे**

मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में बड़े कदम उठाए गए हैं जिससे उन्हें आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में प्रोत्साहन मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया, मेयर कमल सैनी, कृष्ण छोकर आदि उपस्थित रहे।

# साम, दाम, दंड, भेद की नीति पर चल रही है भाजपा सरकार



पानीपत। महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह में सांसद दीपेंद्र हुड्डा को स्मृति चिंह भेंट करते हुए आयोजक। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

■ सांसद हुडा का आरोप-हरियाणा में वोट चोरी के कारण नहीं बन पाई कांग्रेस की सरकार

पानीपत के गांव इसराना में महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि बीते चुनाव में जनभावना कांग्रेस के साथ थी, लेकिन वोट चोरी के तंत्र से हम 22,000 वोट से पिछड़ गए, नहीं तो सरकार हमारी होती। मुख्यमंत्री नायब सैनी पर साम, दाम, दंड, भेद की नीति पर चलने का आरोप लगाया। उन्होंने सरकार के मंत्रियों के उस बयान का खंडन किया कि हरियाणा में विपक्ष नाम की कोई चीज नहीं है। विपक्ष मजबूत है, क्योंकि विपक्ष के बिना सरकार काम नहीं कर सकती। विश्वास व्यक्त किया कि कांग्रेस अपनी लड़ाई मजबूती के साथ लड़ेगी और आने वाले समय में देश व प्रदेश में सरकार बनाएगी। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व विधायक बलबीर सिंह वाल्मीकि ने किया। सांसद ने कहा कि वाल्मीकि के सिखाए रास्ते पर आज भी संसार चल रहा है। रामायण की रचना कर समाज को आदर्श पुत्र, आदर्श पिता, आदर्श पति, आदर्श पत्नी और आदर्श भाई होने की शिक्षा दी थी। सभी को महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं का जीवन में पालन करना चाहिए।

**ये मौजूद रहे**

इस अवसर पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रमेश मलिक, युवा कांग्रेस के प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष सचिन कुंडू, सत्यपाल रोड, बिजेंद्र पूनिया, धर्मेंद्र अहलावत, दीपक खटकड, खुशीराम जागलान आदि उपस्थित रहे।

# बेसबॉल में छाए एस्पायर स्पोर्ट्स के खिलाड़ी



पानीपत। एस्पायर स्पोर्ट्स एकेडमी के विजेता खिलाड़ी प्रसन्न मुद्रा में। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ 14 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर के खेलों के लिए हुआ चयन

रोहतक में आयोजित 58 वीं स्कूल स्टेट टूर्नामेंट बेसबॉल में एस्पायर स्पोर्ट्स एकेडमी गांव गढ़ी बेसिक के खिलाड़ियों ने सभी आयु वर्ग में जोरदार प्रदर्शन किया है।

14 वर्ष आयु वर्ग में एस्पायर स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम ने प्रथम, 17 वर्ष आयु वर्ग में द्वितीय स्थान और 19 आर्य वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जबकि एस्पायर स्पोर्ट्स एकेडमी के चौदह खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वहीं, विजेता खिलाड़ियों का गांव के सरपंच रफाकत हसन, प्रिंसिपल पवन अत्री, दिल्ली पुलिस से सन्नवर खान, एकेडमी के संचालक खुर्शीद, कोच शरीफ और स्कूल स्टाफ ने स्वागत किया और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

# डॉ. मनीषा को मिला नेशनल हेल्थकेयर एक्सीलेंस अवार्ड

■ महिलाओं के लिए लैप्रोस्कोपिक स्त्री रोग शल्य चिकित्सा को किफायती और सभी वर्गों तक सुलभ बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया




पानीपत। द किडनी हॉस्पिटल की कंसल्टेंट एवं डायरेक्टर डॉ. मनीषा मान कादयान सम्मान ग्रहण करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के हुडा सेक्टर 18 में स्थित द किडनी हॉस्पिटल, पानीपत को नेशनल हेल्थकेयर एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। भव्य समारोह में यह पुरस्कार डॉ. मनीषा मान कादयान, कंसल्टेंट एवं डायरेक्टर, द किडनी हॉस्पिटल ने ग्रहण किया। स्मरणीय है कि द किडनी हॉस्पिटल की कंसल्टेंट एवं डायरेक्टर डॉ. मनीषा मान कादयान ने महिलाओं के लिए लैप्रोस्कोपिक स्त्री रोग शल्य चिकित्सा को किफायती और सभी वर्गों तक सुलभ बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इसके लिए ही द किडनी हॉस्पिटल की कंसल्टेंट एवं डायरेक्टर डॉ. मनीषा मान कादयान को नेशनल हेल्थकेयर एक्सीलेंस अवार्ड देकर सम्मानित किया गया है। डॉ. मनीषा मान कादयान ने अपने समर्पण और संवेदनशीलता से महिला स्वास्थ्य सेवाओं में नए मानक स्थापित किए हैं और पानीपत व हरियाणा को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

# आईटीआई के दीक्षांत समारोह में छात्राओं को प्रमाण पत्र बांटें



पानीपत। आईटीआई के दीक्षांत समारोह में अतिथियों के साथ छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

**समालखा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) में दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। वहीं, मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड छह से पार्षद नरेश कौशिक, वीरेंद्र नीटू, पटिकल्याणा गांव के सरपंच मुकेश ने दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इधर, छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। इधर, दीक्षांत समारोह में सत्र 2024-25 की पासआउट छात्राओं को प्रमाण पत्र भेंट किए गए। वहीं, सौंदर्य प्रसाधन में साहिबा खातून प्रथम, नैंसी द्वितीय, अंजना देवी तृतीय रही। सिलाई प्रौद्योगिकी में भारती प्रथम, सतह अलंकरण तकनीक में मनीषा देवी प्रथम, आशा कुमारी द्वितीय, पिंकी तृतीय रही। जबकि प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने आईटीआई की प्रगति से अतिथियों को अवगत करवया। इस अवसर पर नीलम मलिक, नरेश कौर, नरेश कुमार, निशा शर्मा, आशा, सचिन वलर्क आदि उपस्थित रहे।



## रक्तदान से बड़ा कोई दान नही : सुरेंद्र

**कुरुक्षेत्र।** रक्तदान से बड़ा इस दुनिया में कोई दान नही है। अन्न दान से हम भूखे का एक समय पेट भर सकते हैं लेकिन रक्तदान से एक जीवन बचा सकते हैं। ज्योतिष में भी रक्तदान को महान दान माना गया है। हर स्वस्थ व्यक्ति को साल में कम से कम 3 बार रक्तदान जरूर करना चाहिए। इससे हमारा स्वास्थ्य तो ठीक रहता ही है साथ में किसी जरूरतमंद को रक्त भी उपलब्ध करवा सकते हैं। हमें अपने जनमदिन, विवाह सालगिरह आदि पर जरूर रक्तदान करना चाहिए। ये विचार सुरेंद्र चौधरी, चैयरमैन भूमि गुरूप व समाजसेवी ने हम फाऊंडेशन की 11वीं वर्ष गांठ पर आयोजित रक्तदान शिविर में रखे। शिविर के संयोजक दिलावर सगवाल ने बताया कि संस्था की वर्षगांठ पर आयोजित शिविर में 50 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इसके अतिरिक्त संस्था के स्वयंसेवकों ने हवन यज्ञ, पौधारोपण व बस्ती सेवा आदि अनेक कार्यक्रम आयोजित किए। आयोजन को सफल बनाने में विकास शर्मा, सुनील यादव, सतबीर सिंह, श्याम रावत, विदु सिंगला, पंकज शर्मा, अंकुर सोढी, विनोद शर्मा संदीप भारद्वाज आदि अनेक स्वयंसेवकों का योगदान रहा।

# वाल्मीकि की शिक्षाओं का पालन करते हुए देश की सेवा करें: ढांडा



पानीपत। भाजपा कार्यालय में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा का स्वागत करते हुए पार्टी जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ वाल्मिकी प्रकट दिवस की पूर्व संध्या पर जिला स्तरीय प्रबुद्धजन समरसता समारोह आयोजित

भाजपा जिला कार्यालय श्याम कमल में भगवान वाल्मिकी प्रकट दिवस की पूर्व संध्या पर जिला स्तरीय प्रबुद्धजन समरसता समारोह हुआ। कार्यक्रम के मुख्यातिथि हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा रहे विशिष्ट अथिति अनुसूचित मोर्चा प्रदेश सचिव प्रसन्ना चांवरिया, मोर्चा जिला अध्यक्ष रविंदर तुषामड, रमेश सिंह, साहब सिंह रंगा, जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य सुभाष कबीरपंथी, डॉ. गौरव , बबीता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यन्त भट्ट ने की। मंत्री ढांडा ने कहा कि देश के हर वर्ग को भगवान वाल्मीकि की शिक्षाओं का पालन करते हुए देश, समाज, मानवता की सेवा करनी चाहिए।

**ये मौजूद रहे**

इस अवसर पर अनिल खत्री, डॉ राजबीर आर्य, राजू पहलवान, बिजेंद्र बहोत, नौरंग सरपंच, नीलम सरपंच, रेशमा राजपूत, कृष्णलाल नोहरा, सुरजीत, जतिन झोंका, जिला मीडिया प्रभारी ओमदत आर्य, तरुण पसरीजा, रमेश सैन अहरिया आदि मौजूद रहे ।

## अंसल आरडब्ल्यूए के चुनाव की तैयारी शुरू

**पानीपत।** अंसल सुशांत सिटी रेजिडेंशियल्स वेलफेयर एसोसिएशन की आम सभा जैन सथानक में हुई। बैठक में सचिव सुरेंद्र राणा ने बताया कि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के सहयोग से अंसल की दोनों एसोसिएशन एकजुट हो गई है और इसके 750 सदस्य हैं, वहीं, एसोसिएशन का चुनाव 14 दिसंबर तक करवाया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया 21 अक्तूबर से शुरू होगी। इस अवसर पर सुरेश गुम्बर, कुलदीप कादियान, हरीश अरोड़ा, आशीष राठी, अनिल पंवार, संदीप गोस्वामी, राजीव जैन, राजीव मलिक, सुरभि शर्मा, मनीषा गांधी, लोकेश भाटिया, संदीप सूरी, जितेन्द्र अहलावत आदि उपस्थित रहे।

## वाल्मीकि जयंती समारोह आज

**पानीपत।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार, 6 अक्टूबर को जिला स्तरीय समारोह जिला सचिवालय के द्वितीय तल के सभागार में दोपहर डेढ बजे मनाया जाएगा। वहीं उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के तत्वावधान में संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत प्रदेश भर में महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है, इसी कड़ी में जिला स्तरीय कार्यक्रम सोमवार को मनाया जाएगा।

## विद्यार्थियों का मार्ग दर्शन किया

**पानीपत।** आईबी कॉलेज के 'कल्चरल हेरिटेज क्लब विरासत' इतिहास विभाग की ओर से पांच अक्टूबर तक शहीद भगत सिंह, लाल बहादुर शास्त्री और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विरासत सप्ताह मनाया जा रहा है। वहीं आईबी कॉलेज के विद्यार्थियों ने रविवार को पानीपत के धरोहर स्थलों का भ्रमण किया गया। जबकि इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. नरवीर, डॉ. बिजेंद्र, रवि व चारू ने विद्यार्थियों का मार्ग दर्शन किया।

## लोगो बनाने में अन्नू प्रथम

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में बीकॉम द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए लोगो मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। जिसका शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने किया। वहीं, प्रतियोगिता में अन्नू ने प्रथम, राधिका द्वितीय, संगम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि हिमांशी को सांत्वना पुरस्कार मिला। विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## शिक्षकों को सम्मानित किया

**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर आरोहण फाउंडेशन द्वारा आर्य गर्ल्ज पब्लिक स्कूल पानीपत में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में प्रोफेसर डॉक्टर रामपाल सैनी कुलपति चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद और मेयर पानीपत कोमल सैनी ने शिरकत की। कार्यक्रम में पार्षद नगर निगम अशोक कटारिया, डीईओ करनाल सुदेश ठकराल, डीईईओ सुभाष चंद्र भारद्वाज, परिवार कादियान मौजूद रहे। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

## एलसीएलओ कर्मचारी यूनियन का क्रमिक अनशन सातवे दिन भी जारी

**कुरुक्षेत्र।** एलसीएलओ कर्मचारी यूनियन हरियाणा के बैनर तले लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र के सामने हरियाणा सरकार की तानाशाही के खिलाफ धरना 17वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता एलसीएलओ के राज्य महासचिव जिला प्रधान रीतू नैन ने की। धरने का संचालन जिला प्रधान अजय ओलिहान ने किया। धरने की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रधान रीतू नैन ने बताया कि हमारा अनशन शान्ति पूर्ण व अनुशासन में चल रहा है। अपनी बात रखते हुए मास्टर दयानंद रिटायर्ड कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान ने कहा कि जब तक सरकार कर्मचारियों को ड्यूटी पर नहीं ले लेती तब तक सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र से संबंधित सभी विभागीय कर्मचारी इनके धरने को समर्थन व सहयोग करते रहेंगे।

## आरएसएस ने पानीपत, समालखा व विभिन्न गांवों में शस्त्र पूजन व पथ संचलन किया

# वसुधैव कुटुम्बकम का पोषक व संरक्षक है हिंदू समाज

नागरिकों ने पथ संचलन के दौरान स्वयं सेवियों पर फूल बरसाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। थ संचलन कर रहे स्वयं सेवकों पर पुष्प वर्षा करते हुए आरएसएस संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच हरियाणा के प्रांत संयोजक अफसर रावल, आदि। फोटो :हरिभूमि

आरएसएस ने अपने शताब्दी वर्ष व विजय दशमी पर्व पर पानीपत, समालखा, बापौली, ,खेडा, सनौली, कुराड, बराना, रिफाइनरी क्षेत्र, गांजबड, उरलाना, सुताना, अलुपुर, अहर, मतलौडा, नौल्था, डाहर, हथवाला, जौरासी बिहोली में शस्त्र पूजन कर व पथ संचलन किया। वहीं नागरिकों ने पथ संचलन के दौरान स्वयं सेवियों पर फूल बरसाएं।

जबकि रामेश्वर वरिष्ठ प्रचारक ने कहा कि हिंदू समाज 'वसुधैव कुटुम्बकम' के महान विचार का पोषक और संरक्षक है। दूसरी ओर, दूसरी ओर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा बापौली मंडल में शस्त्र पूजन कर पद संचलन किया। इधर, पथ संचलन के दौरान स्वयं सेवकों पर आरएसएस संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच हरियाणा के प्रांत संयोजक अफसर रावल ने अपनी टीम के साथ पुष्प वर्षा की।

**ये मौजूद रहे**

कार्यक्रम में विभाग प्रचार प्रमुख केदार मुख्य अतिथि विनोद रावल, प्रमोद कुमार, सुरेंद्र जलमाना, रविंद्र भलौर, सुमित जलमाना, राजेंद्र बापौली, लक्ष्मण बापौली, राजकुमार बापौली, डॉ. प्रभु दयाल अरोड़ा , मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के हरियाणा प्रांत संयोजक अफसर रावल, डॉ. मुस्तफा गंगोह, खालिद हकीम, हाफिज मोहम्मद राशिद, हाफिज यासीन, हाफिज मंजूर, हाफिज दिलशाद, हाफिज आरिफ, हाफिज डॉ. समीर, हाफिज अशफाक, हाफिज हाशिम, इनाम, अनवर, कारी आसीम छौक्कर, बिल्लू, सरवर रावल, मैंसर, मुनव्वर, सद्दा, दीन मोहम्मद उर्फ दिन्ना, मामन, शादीन, डॉ. आरिस बराला आदि ने शिकरत की।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में दो युवकों को किया काबू

**अंबाला।** थाना पडाव क्षेत्र से चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी विक्की व राहुल को काबू किया है। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। गुलाब मंडी के बृजपाल ने 4 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि सांई का बाग में स्थित उसके घर से आरोपी विक्की व राहुल उर्फ सिंदल ने पानी की मोटर चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### लूट के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज लूट के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी अवतार सिंह उर्फ तारु को प्रोडक्शन वांरट पर गिरफ्तार किया है। तलाकौर के जसबीर सिंह ने 11 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 9 जून 2025 को रकबा दोसडका के पास मोटरसाइकिल सवार आरोपी ने उसकी पत्नी के कान से सोने की बाली छीन ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर क्षेत्र से चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी शिवम को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 4 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 31 अगस्त 2025 से 4 अक्तूबर 2025 के दौरान आरोपी शिवम ने ई-रिक्शा की बैटरी व अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने तुरन्त मामला दर्ज कर आरोपी को काबू किया है।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए नारायणगढ आरोपी शुभम कुमार उर्फ लीलू व अरूण कुमार उर्फ मटकोला को प्रोडक्शन वांरट पर गिरफ्तार किया है। मुलाना के नितिन कुमार ने 22 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 5 अप्रैल 2025 को आरोपी ने गाँव मुलाना में स्थित सरकारी स्कूल की रसोई का ताला तोडकर गैस सिलेंडर व अन्य सामान चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### कार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**कैथल।** गांव सिससला में कार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। गांव सिससला के संदीप कुमार ने तितरम थाना पुलिस बताया कि 3 अक्टूबर को शाम को करीब 6:30 बजे जब विक्रम उसके साले बलजीत सिंह और लड़की हर्षप्रीत के साथ जा रहा था तो एक गाड़ी ने टक्कर मार दी। वे तीनों घायल हो गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने बलजीत सिंह की को मृत करार दे दिया। सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रेलवे लाइन पर मृत मिले युवक की हुई शिनाख्त

**जींद।** भठिडा रेलवे लाइन पर तीन दिन पहले मिले शव की पहचान मध्यपुरा बिहार निवासी सचिन के रूप में हुई है। मृतक मजदूरी करता था। रेलवे थाना प्रभारी चरण सिंह ने बताया कि मृतक भिवानी रोड पर किराये पर कमरा लेकर अपने दोस्तों के साथ रह रहा था। दो सितंबर देर रात को वह सामान लेने के लिए निकला था।

---

एसएस जैन सभा के तत्वाधान में आयोजित किया गया दीक्षा दिवस

# भक्ति के साथ मनाया दीक्षा दिवस समारोह

सवा लाख मंत्रों का किया जाप

*कार्यक्रम में विश्व शांति हेतु सवा लाख महामंत्र का जाप करवाया गया, कार्यक्रम में ध्वजारोहण कामना सुभाष चंद थापर ने किया, रविन्द्र मुनि का जन्म 6 मई 1962 को सदर बाजार दिल्ली में हुआ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

धनौरा स्थित एसएस जैन के तत्वाधान में रविवार को श्रमण संघ के आचार्य शिव मुनि महाराज व युवाचार्य महेंद्र ऋषि महाराज का पावन जन्मोत्सव व उपाध्याय रविंद्र मुनि महाराज का दीक्षा दिवस समारोह बहुत श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम संत रतन, सेवा शिरोमणि आलोक मुनि महाराज व श्रमण गौरव वाणी भूषण अमन मुनि महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्व शांति हेतु सवा लाख महामंत्र का जाप करवाया गया। कार्यक्रम में ध्वजारोहण कामना सुभाष चंद थापर ने किया। इस कार्यक्रम में इंद्री से विधायक एवं मुलाना के प्रभारी राम कुमार कश्यप मुख्यतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष मनदीप राणा, पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा, जेजेपी के जिलाध्यक्ष मनदीप बोपाराय, मोनिका कालड़ा, जिला परिषद सदस्य दीपिका मोहित शर्मा व सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र बेनिवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। जैन संत अमन मुनि ने अपने प्रवचनों में कहा कि आचार्य सम्राट शिव मुनि का संपूर्ण जीवन वैराग्य, तप, आत्मज्ञान व ध्यान पर आधारित है। उन्होंने जैन धर्म के 5 महाव्रतों - अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह को जीवन में आत्मसात कर पूरी श्रमण परंपरा को दिशा दी। उनके नेतृत्व में 1350 से अधिक साधु-साध्वियां धर्मप्रचार व संयम साधना में रत हैं।




मुलाना। जैन मुनियों को सम्मानित करते हुए व मौजूद संगत

### उपाध्याय रविन्द्र मुनि के समाज सुधार कार्यों की सराहना

जैन संत अमन मुनि ने कहा कि उपाध्याय रविन्द्र मुनि का जन्म 6 मई 1962 को सदर बाजार दिल्ली में हुआ। सन 1978 में विजय दशमी के दिन उन्होंने दीक्षा ग्रहण की। उन्होंने कहा कि रविन्द्र मुनि समाज के अनेक कार्य अपनी निर्मल प्रज्ञा से संपन्न करते हैं। संघ एकता की प्रेरणा व समाज सुधार के कार्य में लगातार प्रयासरत रहते हैं। कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसएस जैन सभा के प्रधान रोहित जैन, कोषाध्यक्ष प्रदीप जैन, महासचिव सुभाष जैन, प्रमोद गर्ग, अनिल जैन, दिनेश सैनी, संजीव खटगड़, दिनेश गर्ग, जगजीत सिंह, भाजपा के मंडल प्रधान नीरज शर्मा, नरेश शर्मा, लाभ सिंह, भूपिंदर चहल, सतीश राणा, विपिन चंद्रपाल सहित हिमाचल, उत्तरप्रदेश, दिल्ली व हरियाणा से काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

- रविन्द्र मुनि समाज के अनेक कार्य अपनी निर्मल प्रज्ञा से संपन्न करते हैं।
- संघ एकता की प्रेरणा व समाज सुधार के कार्य में लगातार प्रयासरत रहते हैं।

### कार्यक्रम में जैन संतों को मिली उपाधि

इस कार्यक्रम में इंद्री से विधायक मुख्यतिथि रामकुमार कश्यप ने समाज हित के कार्य करने का उपलक्ष्य में जैन संत आलोक मुनि को जिनशासन गौरव व जैन संत अमन मुनि को हरियाणा गौरव की उपाधि से नवाजा। मुख्यतिथि रामकुमार कश्यप से कहा कि नमोकर महामंत्र सभी मंत्रों का राजा है और आज उन्हें भी इस महाजाप में भाग लेने का सौभाग्य हासिल हुआ। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा झांसी की रानी के जीवन पर प्रस्तुत की गई लघु नाटिका को श्रद्धालुओं ने जमकर सराहा। वहीं बच्चों द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ व मोबाइल बुरी बला है पर भी अपनी प्रस्तुति दी।

---

डीसी बोले, फसल अवशेष जलाने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

# पराली प्रबंधन को आमदनी का साधन बनाएं किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

- लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में किया जा रहा जागरूक

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने किसानों से आह्वान किया है कि वे धान कटाई के बाद बचने वाले फसल अवशेष (पराली) को जलाने की बजाय इसका वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन कर अपनी आय को बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि पराली को जलाना न केवल भूमि की उर्वरा शक्ति को नष्ट करता है, बल्कि वायु प्रदूषण फैलाकर मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पराली प्रबंधन को लेकर व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। कृषि विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी गांव-गांव जाकर किसानों को सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं, प्रोत्साहन राशि तथा आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी दे रहे हैं। इसके अलावा जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के विभागीय अमले द्वारा भी प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों के जरिए भी गांव-गांव जाकर लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं बारे व किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन और पराली जलाने के दुष्प्रभावों बारे भी जानकारी दी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई किसान पराली जलाते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- पराली प्रबंधन को लेकर व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा

### पराली बनेगी किसानों की आय

उपायुक्त ने किसानों से अपील की कि वे पराली को बोझ नहीं बल्कि अवसर समझें और इसका प्रबंधन कर इसे आय का स्रोत बनाए। फसल अवशेष प्रबंधन करने पर किसानों को विभाग द्वारा 12 सौ रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि जागरूक किसान न केवल अपनी आय बढ़ा सकते हैं बल्कि दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत भी बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य है कि इस सीजन में पराली जलाने की घटनाओं पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाए। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. जसविंदर सिंह ने बताया कि विभागीय अधिकारी गांवों में शिविर आयोजित कर किसानों को पराली प्रबंधन के लाभ और व्यावहारिक उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दे रहे हैं। उपायुक्त ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग अंबला शहर में स्थापित कमरा नंबर 17 को कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसके अलावा पराली जलाने जैसी घटनाओं बारे जानकारी एवं शिकायत भी दी जा सकती है।

---

# आईटीआई होली का दीक्षांत समारोह संपन्न

## मेधावी छात्रों के साथ शिक्षकों को भी मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एट होली में सत्र 2023–25 एवं 2024–25 के छात्र-छात्राओं के लिए भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्रधानाचार्य अश्वनी शर्मा ने की, जबकि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कमल सैनी ने शिरकत की। सैनी ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें प्रमाणपत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि कौशल विकास इस युग की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रशिक्षित युवा देश के विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर संस्थान में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सेवा पखवाड़े में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए धर्मपाल तथा प्लेसमेंट शाखा में बेहतर कार्य करने के लिए मिलन अग्रवाल को सम्मानित किया गया।



बराड़ा। कार्यक्रम में स्टूडेंट्स को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

### कोपा प्रशिक्षुओं को मिला सम्मान

इसी प्रकार कोपा व्यवसाय की अनुदेशिका गुलशन देवी को भी उनके निर्देशन में छात्रों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु विशेष सम्मान प्रदान किया गया। सैनी ने घोषणा की कि उनके संस्थान में कोपा ट्रेड के दो छात्र-छात्राओं को नियुक्त किया जाएगा। इस दौरान विज्ञान भवन, नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कौशल दीक्षांत समारोह के लाइव प्रसारण को भी संस्थान में उपस्थित सभी प्रशिक्षुओं, अनुदेशकों एवं कर्मचारियों ने बड़े उत्साह से देखा।

---

# विशाल भगवती जागरण में जमकर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

- शिव सेवा मंडल सिंहपुरा की ओर से आयोजित किया भगवती जागरण

शिव सेवा मंडल सिंहपुरा द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धार्मिक और सामाजिक परंपरा को आगे बढ़ाते 11वां विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगरपालिका चेयरमैन रजत मलिक और समाजसेवी वैभव सिंगला पहुंचे। दोनों अतिथियों ने पंडित दीपक शास्त्री के पूजन उपरांत मां भगवती की ज्योत प्रज्वलित कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों को शिव सेवा मंडल की ओर से मां का स्वरूप देकर सम्मानित किया गया। आयोजक लक्की भराड़ा ने बताया कि मां भगवती की ज्योत ज्वाला जी से ढोल-नगाड़ों और शोभा यात्रा के साथ मुख्य बाजार होते हुए सिंहपुरा कॉलोनी लाई गई। कॉलोनी में शिव सेवा मंडल के सदस्यों व वार्ड की महिलाओं ने नाच-गाकर मां की ज्योत का स्वागत किया। श्रद्धालुओं के लिए रात्रि में अटूट भंडारे का भी आयोजन किया गया। जागरण में माता रानी का दरबार देखने योग्य था। पटियाला के प्रसिद्ध भजन गायक कृष्ण बावरे और उनके ग्रुप ने महामाई के भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।



### कार्यक्रम मे ये रहे मौजूद

भव्य झांकियों ने भी संगत का मन मोह लिया, जिन्हें देखने के लिए श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के दौरान जागृति सेवा ट्रस्ट के संस्थापक डॉ. कुलदीप शर्मा ने शिव सेवा मंडल के सदस्यों को धार्मिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर शिव सेवा मंडल के सदस्य सक्षम अरोड़ा, अरुण ओबेरॉय, गगन, रिशु मदान, रोहित भराड़ा, राजू, कमल, पवन मदान, सन्नी, राहुल छाबड़ा, साहिल, पंकज सभरवाल, पार्षद विजय छाबड़ा, प्रदीप पांचाल, विनय शर्मा, पारुल शर्मा, मानिक और जगजीत सिंह वासन ने अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन करते हुए मां भगवती जागरण को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

---

# साधकों ने भक्ति रस में डूबकर किया योग

- संत रविदास जयंती पर सभी साधकों ने किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

भारतीय योग संस्थानद्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती को बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती के उपलक्ष में रविवार को सभी योग साधको ने उनके भजनों पर योग किया।

भक्तिरस से भरे इन भजनों से योग कक्षा का माहौल भक्तिमय हो गया। जय गुरु देव, गुरु रविदास मेरे मन बस गया, हे गुरु देव प्रणाम आपके चरणों में आदि भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। संस्थान के जोन प्रधान संजय धीमान और केंद्र प्रमुख राजेश शर्मा ने सभी को संत गुरु रविदास की जयंती की शुभकामनाएं दीं। संस्थान के प्रमुख सदस्य रेखा, मनोज वालिया, राजेश वर्मा और मा. संजय ने सभी को मिठाई खिलाकर जयंती की बधाइयां दीं।



नारायणगढ़। संत रविदास महाराज के चित्र पर माल्यार्पण करते संस्थान के साधक।

### करें योग रहें निरोग

बता दें कि भारतीय योग संस्थान न केवल योग अभ्यास को बढ़ावा देता है बल्कि भारतीय संस्कृति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों व तीज एवं त्योहारों को भी उत्साहपूर्वक मनाता है। जिससे समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे बढ़ता है। इस अवसर पर जॉन प्रधान संजय धीमान ने बताया कि भारतीय योग संस्थान की निशुल्क योग कक्षाएं प्रतिदिन आहलूवालिया धर्मशालामें संचालित की जाती हैं। सुबह- 5:00 बजे से 6:00 बजे तक तथा शाम-4:00 बजे से 5:00 बजे तक। उन्होंने नगरवासियों से आग्रह किया कि वे इन कक्षाओं में भाग लें और योग के माध्यम से अपने स्वास्थ्य को लाभ पहुंचाएं।

---

# 21 को दीपावली, 22 को होगी गोवर्धन पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

सनातन धर्म पुरोहित मंडल के सदस्यों की मीटिंग प्रधान पंडित संजीव मुद्गल की अध्यक्षता में अंबाला शहर के मॉडल टाउन स्थित परशुराम भवन में संपन्न हुई। इसमें मुख्य विषय दीपावली एवं अन्य त्यौहारों का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। विशेषतौर पर दीपावली 21 अक्टूबर 2025 दिन मंगलवार को मनाई जाएगी। अन्य पर्व करवा चौथ 10 अक्टूबर 2025 शुक्रवार, अहोई अष्टमी व्रत 13 अक्टूबर 2025 सोमवार, धन त्रयोदशी 19 अक्टूबर 2025 रविवार, गोवर्धन पूजा 22 अक्टूबर 2025 बुधवार और भाई दूज 23 अक्टूबर 2025 को मनाने का निर्णय लिया गया है।



अंबाला। मीटिंग में मौजूद पुरोहित मंडल के सदस्य।

### ये रहे मौजूद

अंबाला शहर के विद्वान ब्राह्मण पंडित तिलक राज शर्मा , पंडित नरेश शास्त्री , पंडित धर्मपाल शास्त्री , पंडित अमित कालिया , पंडित दिनेश शास्त्री , पंडित गोविंद शास्त्री , पंडित दीपक मुदगल , पंडित प्रवीण कालिया , पंडित सुरेश ओझा , पंडित रविंद्र तिवारी , पंडित रजनीश , पंडित राम प्रकाश , पंडित संदीप शर्मा , पंडित शिव शर्मा , पंडित तिलक राज ओझा विद्वानों ने अपने आशीर्वाद के साथ समस्त समाज के कल्याण हेतु प्रभु चरणों में हनुमान चालीसा का पाठ करके मीटिंग का शुभारंभ किया। साथ ही समाज में फैलाई जाने वाली भ्रांतियां की ओर ध्यान न देकर सनातन धर्म के प्रमुख त्यौहारों को मनाने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

---

### गांवों में आपराधिक प्रवृति के लोगों पर नजर रखें पंच-सरपंच

**मुलाना।** मुलाना थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कलालटी चौकी में थाना प्रभारी प्रमोद राणा और चौकी इंचार्ज विश्व बंधू की अध्यक्षता में क्षेत्र के सरपंचों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम पंचायतों से जुड़े विभिन्न मुद्दों, कानून व्यवस्था की स्थिति, नशा मुक्ति अभियान, झगड़ों की रोकथाम और क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने पर विस्तार से चर्चा हुई। थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने कहा कि पुलिस और ग्राम प्रतिनिधियों के आपसी सहयोग से ही क्षेत्र में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। उन्होंने सरपंचों से अपील की कि वे गांवों में सामाजिक जागरूकता बढ़ाने, अवैध गतिविधियों की सूचना समय पर देने और युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। चौकी इंचार्ज विश्व बंधू ने बताया कि गांव स्तर पर छोटी-छोटी बातों को बातचीत से सुलझाने की परंपरा को आगे बढ़ाया जाना चाहिए ताकि विवाद बड़े रूप न लें। बैठक में मौजूद सभी सरपंचों ने पुलिस प्रशासन को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया और कहा कि वे गांवों में अमन और भाईचारा बनाए रखने में हर संभव योगदान देंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

---

पंचकुला के हंसराज पब्लिक स्कूल की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया

# लॉन टेनिस में अंडर 14 गर्ल्स के खिताब पर पुलिस डीएवी स्कूल का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी स्कूल में चल रहे डीएवी स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का रविवार को समापन हो गया। इस टूर्नामेंट की अध्यक्षता पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल एवं असिस्टेंट रीजनल ऑफिसर , हरियाणा जोन डॉ. विकास कोहली ने की। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता डीएवी संस्थाओं के प्रधान आर्य रत्न पदमश्री डॉ. पूनम सूरी के मार्गदर्शन में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये देशभर में कराई जाती है। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न डीएवी स्कूलों के 500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें लड़के व लड़कियों के विभिन्न आयुवर्ग के मुकाबले करवाए गए। कोहली ने सभी विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि खेल खिलाड़ी के जीवन में संयम व अनुशासन बढ़ाते है जो कि एक मनुष्य के एकाग्रता व आत्मविश्वास के लिए अति आवश्यक है। सभी खिलाड़ियों ने पूरी खेल भावना के साथ इस स्पोर्ट्स टूर्नामेंट में भाग लिया। टूर्नामेंट में कड़े मुकाबले के बीच सभी मैच संपन्न हुए। उन्होंने बच्चों की खेलों में हिस्सा लेने पर प्रशंसा की व स्वर्ण , रजत व कांस्य पदक विजेताओं को बधाई दी। इनमें जो खिलाड़ी विजेता रहे हैं वो आगे नेशनल लेवल पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगें।



अंबाला। विजेता खिलाड़ियों मेडल व ट्रॉफी के साथ सम्मानित करते आयोजक।

### दूसरे दिन सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले हुए

खेल के दूसरे दिन इस टूर्नामेंट में लॉन टेनिस के सेमीफाइनल और फाइनल मुक़ाबले हुए। अंतिम दिन लोन टेनिस अंडर 14 गर्ल्स में मेजबान पुलिस डीएवी स्कूल ने बाजी मारी। दूसरा स्थार पंचकुला के हंसराज पब्लिक स्कूल व तीसरा सिान जींद के डीएवी सेंटिनरी पब्लिक स्कूल को मिला। लड़कियों के अंडर 19 आयु वर्ग में गुरुग्राम के डीएवी पब्लिक स्कूल की टीम विजेता बनी।जींद के डीएवी सेंटिनरी पब्लिक स्कूल की टीम दूसरे व मेजबान पुलिस डीएवी स्कूल की टीम तीसरे स्थान पर रही। लड़कियों की अंडर 17 प्रतियोगिता में गुरूग्राम के डीएवी पब्लिक स्कूल ने बाजी मारी। दूसरे स्थान पर कुरुक्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल की टीम रही। लड़कों के अंडर 17 में लोन टेनिस का खिताब फरीदाबाद के डीएवी पब्लिक स्कूल ने हासिल किया। मेजबान पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल दूसरे स्थान पर रहा। लड़कों के अंडर 19 आयुवर्ग का खिताब भी फरीदाबाद के डीएवी पब्लिक स्कूल की टीम ने जीता जबकि गुरुग्राम के डीएवी पब्लिक स्कूल दूसरे स्थान पर रहा।